भारत सरकार
परमाणु ऊर्जा विभाग
राजा रामन्ना प्रगत प्रौद्योगिकी केन्द्र
सतर्कता अनुभाग

सं. आरआरकेट / प्रशा / सतर्कता / 11(32) / 2011/749 02.11.2011

विषयः चिकित्सा केन्द्र में अशंकालीन फिजियोथेरेपिस्ट परामर्शदाता की <u>नियुक्ति हेतु वाक्-इन इंटरव्यू ।</u>

राजेन्द्र नगर इन्दौर में राजा रामन्ना प्रगत प्रौद्योगिकी केन्द्र, परमाणु ऊर्जा विभाग का एक प्रतिष्ठित (अनुसंधान एवं विकास) केन्द्र है, जिसकी स्थापना वर्ष 1984 में विज्ञान के प्रमुख क्षेत्रों में अनुसंधान कार्य करने के लिए की गई थी । इस केन्द्र में लगभग 1600 कर्मचारी कार्यरत हैं जिसमें वैज्ञानिक, इंजीनियर, तकनीशियन तथा अन्य शामिल है । कर्मचारियों तथा उनके परिवार के सदस्यों की चिकित्सीय आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए अंशदायी स्वास्थ्य सेवा योजना (सीएचएसएस) के अंतर्गत एक चिकित्सा केन्द्र की व्यवस्था की गई है । इस योजना के अतंर्गत लगभग 5500 लाभार्थी शामिल हैं ।

इस चिकित्सा केन्द्र में अंशकालीन फिजियोथेरेपिस्ट परामर्शदाता का पद रिक्त हैं । आरआरकेट चिकित्सा केन्द्र में अंशकालीन फिजियोथेरेपिस्ट परामर्शदाता के रूप में निम्नलिखित ब्यौरे के अनुसार निर्धारित योग्यता, अनुभव रखने वाले 55 वर्ष तक की आयु समूह के विशेषज्ञों की नियुक्ति पर विचार किया जाएगा :-

क.	विशेषता	शैक्षणिक योग्यता	देखने आने का समय	अनुभव	मासिक मानदेय
1	फिजियोथेरेपिस्ट (Physiotherapist)	बीपीटी (फिजियोथेरिपी में स्नातक)	सोमवार से शनिवार – प्रतिदिन 2 घंटे (विशेष तौर से सांयकाल 17:00 से 19:00 बजे)	10 वर्ष	रू. 7,000/– + (रू. 1,200/– यातायात भत्ता प्रतिमाह)

नियुक्ति की अवधि प्रारंभ में एक वर्ष तक रहेगी तथा समीक्षा के पश्चात यह अवधि और बढाई जा सकती है । दिनांक 16.11.2011 (बुधवार) को प्रशासनिक भवन, राजा रामन्ना प्रगत प्रौद्योगिकी केन्द्र, इन्दौर में इस हेतु एक वाक्-इन-इंटरव्यू आयोजित किया गया है । उपर्युक्त मानदण्डों को पूरा करने वाले योग्य प्रत्याशी उक्त दिनांक को सुबह 09.30 बजे से 11.00 बजे के मध्य मुख्य प्रशासनिक अधिकारी, राजा रामन्ना प्रगत प्रौद्योगिकी केन्द्र, इन्दौर (दूरभाष क. 2488816 फेक्स नं. 0731-2321344 एवं ई-मेल cao@rrcat.gov.in) को रिपोर्ट करें । वे अपने साथ अपना बायोडाटा तथा जन्म-तिथि, शैक्षणिक योग्यता, अनुभव पंजीयन इत्यादि के मूल प्रमाण-पत्रों/ अंक तालिकाओं के साथ-साथ उनकी दो सत्य प्रतिलिपियॉ तथा दो नवीनतम फोटोग्राफ (पासपोर्ट साइज.) लेकर आएं ।

यह विज्ञापन इस केन्द्र की वेबसाइट www.rrcat.gov.in पर भी देखा जा सकता है ।